उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर

राजीव गांधी नवोदय विद्यालय

पार्श्व प्रवेश परीक्षा 8वीं, 2026

परीक्षा की प्रस्तावित तिथि
15 मार्च, 2026

आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	06/11/2025
आवेदन की अन्तिम तिथि	12/12/2025
विद्यालय द्वारा उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पूरित आवेदन पत्र जमा करन की अन्तिम तिथि	20/12/2025
उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा नामावली हार्ड एवं साँफ्ट काँपी में परिषद् कार्यालय में प्रेषित करने की अन्तिम तिथि	05/01/2026
परीक्षा की तिथि	15/03/2026

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् , रामनगर (नैनीताल)
पो0आँ0 - रामनगर, (नैनीताल), उत्तराखण्ड
पिन कोड - 244715
Email: deptexamubse@gmail.com
Web: www.ubse.uk.gov.in
Phone No: (05947)-252276, 254275

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0 रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड पिन कोड–244715

फोन नं0–05947–254275

email:secy-ubse-uk@nic.in/deptexamubse@gmail.com

वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in

राजीव गांधी नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 8 हेतु) 2026

पृष्ठभूमि और आधार–

शासनादेश संख्या : 324358/XXIV-B-1/25-04(57)2005 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–I देहरादून दिनांक 25 अगस्त 2025, के अनुपालन में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांकः सेवा–2/3(घ)/27(01)/3258–61/रा0गां0न0वि0/2025–26, दिनांक 25 अगस्त 2025 के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में सत्र 2026–27 हेतु कक्षा 8 में रिक्त रहने वाली सीटों को इच्छुक अभ्यर्थियों में से पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल को दायित्व सौंपा गया है। उक्त के क्रम में राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में सत्र 2026–27 हेतु कक्षा 8 में पार्श्व प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, (नैनीताल) द्वारा किया जा रहा है।शासनादेश संख्या 324358/XXIV-B-1/25-04(57)2005 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 25 अगस्त, 2025 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत, शैक्षणिक सत्र 2026–27 में उत्तराखण्ड राज्य में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में उपलब्ध सम्भावित रिक्त स्थानों के सापेक्ष कक्षा 8 में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। चयन परीक्षा केवल उन रा0गां0न0वि0 हेतु आयोजित की जायेगी, जिनमें रिक्तियां होंगी। अनुमानित रिक्तियों की सूची, विवरणिका के परिशिष्ट 'क' में संलग्न है। रिक्तियों की संख्या अनुमानित है, अतः यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

कक्षा 8 में प्रवेश हेतु पात्रता एवं शर्ते–

1. छात्र/छात्रा जिस जनपद में कक्षा 7 में अध्ययनरत है, वह कक्षा 8 में प्रवेश हेतु **उसी जनपद में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के लिए अर्ह होगा।**
2. अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी जनपद में स्थित राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में **सत्र 2025–26 में कक्षा 7 में अध्ययनरत होना चाहिए।**
3. ऐसा अभ्यर्थी जो कक्षा–7 पूर्ववर्ती शैक्षिक सत्रों में उत्तीर्ण/अध्ययन कर चुका है, चयन परीक्षा में बैठने के लिये पात्र नहीं है।
4. **अभ्यर्थी की आयु 01 अप्रैल, 2026 को 11 से 14 वर्ष के मध्य निर्धारित है,** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2015 के मध्य होना चाहिए। जन्म तिथि में उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं। अभ्यर्थी के प्रमाण पत्र में दर्ज आयु में सन्देह होने पर उन्हें आयु की प्रमाणिकता हेतु मेडिकल बोर्ड भेजा जा सकता है, ऐसी स्थिति में **मेडिकल बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।**
5. अभ्यर्थी द्वारा किसी सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 7 की पूर्ण शिक्षा सत्र में अवश्य पढ़ाई की हो एवं उत्तीर्ण हुआ हो।

आरक्षण–

शैक्षिक सत्र 2026–27 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विद्यालयवार उपलब्ध रिक्त स्थानों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से भरा जायेगा।

ग्रामीण और शहरी अभ्यर्थी–

- **ग्रामीण** क्षेत्र में स्थित किसी विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र को ग्रामीण अभ्यर्थी माना जायेगा।

  अभ्यर्थी जो वर्तमान सत्र 2025–26 में एक दिन भी शहरी क्षेत्र में स्थित विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत हो, **उसे शहरी क्षेत्र का माना जायेगा।**

रिक्त सीटों के सापेक्ष कक्षा 8 में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के चयन हेतु मानदण्ड–

- **शैक्षणिक सत्र 2026–27** के लिये रा0गा0न0वि0 में कक्षा 8 में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का चयन उपलब्ध होने वाले संभावित रिक्त स्थानों के सापेक्ष किया जायेगा।
- सत्र 2025–26 में रा0गा0न0वि0 के कक्षा सात में अध्ययन करने वाले छात्रों को प्रवेश देने के उपरान्त कक्षा 8 में रिक्त रहे स्थानों के सापेक्ष केवल पार्श्व प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से भरा जायेगा।
- ग्रामीण/बालिका/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रिक्त स्थानों को सम्बन्धित श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरा जायेगा।

- **चयन परीक्षा के उपरान्त छात्रों का अनन्तिम चयन निम्नलिखित चरणों के अनुसार किया जायेगा–**

- जनपदवार मेरिट सूची तैयार की जायेगी और विद्यार्थियों को रिक्तियों के सापेक्ष अनन्तिम रूप से चयनित किया जायेगा। रिक्त स्थानों को भरने के लिये सम्बन्धित जनपद से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत होने की शर्त के आधार पर ही जनपदवार मैरिट सूची पर विचार किया जायेगा।
- योग्य अभ्यर्थियों को चयन मानदण्डों के अनुसार मेरिट, श्रेणियों तथा वर्गों में रिक्तियों के सापेक्ष सम्बन्धित रा0गा0न0वि0 में 8 वीं कक्षा में प्रवेश के लिये अनन्तिम रूप से चयनित किया जायेगा।
- सामान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः 40 प्रतिशत एवं 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- चयनित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित रा0गा0न0वि0 के प्राचार्य द्वारा सूचित किया जायेगा।
- **जनपदवार सम्भावित रिक्तियों हेतु परिशिष्ट 'क' देखें।**

परीक्षा आवेदन प्रक्रिया एवं परीक्षा का स्वरूप–

1. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की **वेबसाइट** www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM टैंब से भी डाउनलोड किया जा सकता है। पूरित आवेदन पत्र छात्र/छात्रा द्वारा अपने अध्ययनरत विद्यालय में दिनांक 13 दिसम्बर, 2025 (शनिवार) तक जमा किया जाएगा। विद्यालय द्वारा सभी प्राप्त आवेदन पत्र उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 20 दिसम्बर 2025, (शनिवार) तक जमा किये जायेंगे।
2. निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा नामावली (बालक/बालिका अलग–अलग) निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0) एवं हार्ड कॉपी में दिनांक 05 जनवरी, 2026 (सोमवार) तक परिषद् कार्यालय रामनगर, नैनीताल को उपलब्ध कराई जायेगी।
3. आवेदन पत्र उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रखे जायेंगे। उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को तथा प्रवेश पत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थियों को परीक्षा से पूर्व यथा समय उपलब्ध कराया जायेगा।

4. परीक्षा केन्द्र का निर्धारण उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूचना उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
5. **प्रवेश परीक्षा दिनांक 15 मार्च, 2026 (रविवार)** को **सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि समय एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना प्रवेश पत्र में की जायेगी।** प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभ्यर्थी को यथा समय उसके विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।

प्रवेश परीक्षा का स्वरूप–

प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र में तीन खण्ड होंगे। **परीक्षा प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक दो घण्टे अवधि की होगी, जिसमें केवल बहुविकल्पीय प्रश्न** होंगे। परीक्षा में 100 प्रश्न (मानसिक योग्यता के 50 प्रश्न, गणित के 25 प्रश्न एवं हिन्दी के 25 प्रश्न) होंगे। मानसिक योग्यता एवं गणित के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोंनो भाषाओं में होंगे। प्रश्नों का स्तर उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 7 तक के स्तर) के समान होगा। समान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा न्यूनतम क्रमशः 40 प्रतिशत तथा 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

उत्तर पत्रक के रूप में ओ0एम0आर0 का प्रयोग किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नही होगा। प्रश्नों/अंकों का विभाजन निम्नांकित तालिका के अनुसार होगा–

खण्ड	विषय वस्तु	प्रश्न/अंकों का विवरण	माध्यम
(क)	भाषा (हिन्दी) परीक्षा	25	हिन्दी
(ख)	गणित परीक्षा	25	हिन्दी/अंग्रेजी
(ग)	मानसिक योग्यता परीक्षा	50	हिन्दी/अंग्रेजी
	योग	**100**	

प्रत्येक अभ्यर्थी को सभी तीन खण्डों वाली एकल प्रश्न–पुस्तिका दी जायेगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को 40 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जायेगा।

अन्य महत्वपूर्ण निर्देश–

1. परीक्षा आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा अंकित सूचना को सही मानते हुये अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेंगा। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा। जब वह कक्षा 7 उत्तीर्ण सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा जाति, निवास, जन्म/आयु प्रमाण पत्र) काउन्सिलिंग के समय संबन्धित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रमाण पत्रों की जॉच संबन्धित रा0गां0न0वि0 के प्राचार्य द्वारा की जायेगी।
2. प्रवेश प्रक्रिया की काउन्सिलिंग के समय अभ्यर्थी को सम्बन्धित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियों के सापेक्ष मूल प्रमाण पत्र एवं कक्षा 7 उत्तीर्ण होने के प्रमाण पत्र को अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा। आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा असत्य सूचना अंकित कर परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा वांछित सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध न करा पाने की स्थिति में अभ्यर्थन/चयन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।
3. कक्षा 8 में प्रवेश के संदर्भ में शासन द्वारा भविष्य में निर्गत शासनादेश के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया आच्छादित होगी।

उत्तर अंकित करने की विधि–

- प्रत्येक अभ्यर्थी को अपना उत्तर अंकित करने के लिए ओ0एम0आर0 उत्तर–पत्रक प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को उपयुक्त स्थान पर अपने उत्तर को इंगित करना आवश्यक होगा।
- ओ0एम0आर0 उत्तर–पत्रक में लिखने हेतु केवल काले या नीले बाल–प्वाइंट पेन का प्रयोग किया जायेगा। **पेन्सिल एवं जैल पेन का उपयोग सख्त मना है।**
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी उत्तर अंकित करने के लिये प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिये केवल एक वृत्ताकृति (गोले) को बाल–प्वाइंट पेन से पूरी तरह गहरा (काला) करना होगा।

उदाहरण के लिये प्रश्न पुस्तिका में आया प्रश्न संख्या 50 निम्नानुसार है–

50. नेपाल की राजधानी है–
   A. काठमांडू
   B. कोलम्बो
   C. दुबई
   D. ढाका

इस प्रश्न का सही उत्तर A काठमांडू है अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक में प्रश्न संख्या 50 के सम्मुख A को गहरा (काला) करना होगा। सही उत्तर अंकित करने का तरीका निम्नवत है–

50. 

- **ओ०एम०आर०** उत्तर पत्रक **भरने का**

सही तरीका



गलत तरीका



उक्त अंकित तरीके से भिन्न तरीके से दिया गया उत्तर त्रुटिपूर्ण माना जायेगा और उनका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

- एक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही उत्तर (एक ही वृत्त) को गहरा (काला) करें।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (01) अंक दिया जायेगाा।
- कोई ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- एक बार अंकित उत्तर को बदला नहीं जा सकेगा। अभ्यर्थी उपयुक्त विकल्प (उत्तर) को गहरा (काला) करने से पूर्व उत्तर की सटीकता के विषय में स्वयं को पूर्णतः संतुष्ट कर लें, क्योंकि एक बार अंकित कर लिये गये उत्तर में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा इस प्रकार का कार्य किया जाता है तो उसे त्रुटिपूर्ण मानते हुये सम्बन्धित प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- हल्का अथवा धुंधली तरह से गहरा (काला) किया गया वृत्त मार्किंग की गलत पद्धति माना जायेगा तथा ऑप्टिकल स्केनर द्वारा इसे अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
- यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो उसे प्रश्न के सम्मुख दिये गये वृत्तों में से किसी को भी गहरा (काला) नहीं करना चाहिये।
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को **मोड़ें नहीं** तथा उस पर **कोई अवांछनीय निशान भी न** लगायें।

- मूल्यांकन के समय किसी अभ्यर्थी के ओ0एम0आर0 उत्तर–पत्रक की गैर–उपलब्धता के विषय में किसी विसंगति के मामले में यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी टेस्ट–बुकलेट के साथ उत्तर–पत्रक को भी अपने साथ ले गया है तथा ऐसे मामले में अभ्यर्थी का परिणाम रद्द किए जाने योग्य होगा।
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में किसी भी प्रकार का रफ कार्य न करें। समस्त रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थल पर ही करें।
- **अभ्यर्थी को प्रश्न पुस्तिका साथ में ले जाने की अनुमति है।**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)
राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 8 हेतु) 2026
(सत्र 2026–27 हेतु)
नामावली का प्रारूप (बालकों हेतु)

जनपद (कोड सहित).....विकास खण्ड (कोड सहित).....
परीक्षा केन्द्र का नाम.....

क्र0 सं0	छात्र का नाम	पिता का नाम	माता का नाम	**जन्मतिथि की अंकना Times New Roman Font मे ही निम्नानुसार अनिवार्यतः की जाय। (उदाहरण– 01/07/2003 (DD/MM/YYYY)**			लिंग (**M**)	जाति **GEN-1 OBC-2 SC-3 ST-4**	विद्यालय क्षेत्र ग्रामीण– **R** शहरीय– **U**	दिव्यांगता (हॉ / नही)	विद्यालय का प्रकार राजकीय –**1** सवित्त मान्यता प्राप्त –**2** वित्तविहीन मान्यता प्राप्त–**3**
				DD	**MM**	**YYYY**					
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1											
2											
3											
कुल छात्रों की संख्या											

हस्ताक्षर निर्माता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर जाँचकर्ता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर उप / खण्ड शिक्षा अधिकारी
दिनांक–
मुहर

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 8 हेतु) 2026

(सत्र 2026–27 हेतु)

नामावली का प्रारूप (बालिकाओं हेतु)

जनपद (कोड सहित).....विकास खण्ड (कोड सहित).....

परीक्षा केन्द्र का नाम.....

क्र0 सं0	छात्र का नाम	पिता का नाम	माता का नाम	जन्मतिथि की अंकना **Times New Roman Font** मे ही निम्नानुसार अनिवार्यतः की जाय। (उदाहरण– **01/07/2003 (DD/MM/YYYY)**			लिंग (**F**)	जाति **GEN-1 OBC-2 SC-3 ST-4**	विद्यालय क्षेत्र ग्रामीण– **R** शहरीय– **U**	दिव्यांगता (हॉ / नही)	विद्यालय का प्रकार राजकीय –**1** सवित्त मान्यता प्राप्त –**2** वित्तविहीन मान्यता प्राप्त–**3**
				DD	**MM**	**YYYY**					
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1											
2											
3											
कुल छात्रों की संख्या											

हस्ताक्षर निर्माता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर जाँचकर्ता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर उप / खण्ड शिक्षा अधिकारी
दिनांक–
मुहर–

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 8 हेतु) 2026

(सत्र 2026–27 हेतु)

नामावली निर्माण हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. **बालक एवं बालिकाओं हेतु अलग–अलग नामावली** तैयार की जायेगी, जिसे निर्माणकर्ता, जॉचकर्ता एवं उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर के उपरान्त परिषद् को उपलब्ध कराया जायेगा। नामावली में उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर होने अनिवार्य है, बिना हस्ताक्षरित नामावली स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. नामावली निर्धारित प्रारूप पर **MICROSOFT EXCEL** में तैयार की जायेगी।
3. फोल्डर एवं फाइल का नाम **RGNV-BLOCK NAME-2026** रखा जाय।
4. नामावली तैयार करते समय कॉलम संख्या 2, 3, 4, की अंकना हिन्दी फॉन्ट **Kruti Dev 010** फॉन्ट साईज **'14'** तथा अन्य कॉलम (5, 6, 7, 8, 9, 10 & 11) की अंकना हेतु अंग्रेजी **Times New Roman** फॉन्ट साईज **'12'** का प्रयोग करें।
5. कॉलम संख्या 5 में **DD**, 6 में **MM** एवं 7 में **YYYY** की अंकना करें अर्थात यदि किसी छात्र की जन्मतिथि 01 जुलाई, 2003 है, तो उसकी अंकना कॉलम संख्या 5 में **01** कॉलम संख्या 6 में **07** कॉलम संख्या 7 में **2003** के रूप में की जायेगी।
6. कॉलम संख्या 8 में छात्र के लिए **M** तथा छात्रा के लिए **F** टाईप करें।
7. कॉलम संख्या 9 में सामान्य वर्ग के लिए **1,** अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए **2,** अनुसूचित जाति के लिए **3**, अनुसूचित जनजाति के लिए **4** अंकित करें।
8. कॉलम संख्या 10 में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए **R (RURAL)** तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए **U (URBAN)** अंकित करें ।
9. कॉलम संख्या 11 में केवल दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु **हॉ** अंकित करेंगे।
10. कॉलम संख्या 12 में राजकीय विद्यालयों के लिए **1**, सवित्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए **2** तथा वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए **3** अंकित करें।
11. . आवेदन पत्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के उपरान्त ही **छात्र/छात्रा के जाति, लिंग, जन्मतिथि एवं विद्यालय का प्रकार (राजकीय/सवित्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त) एवं विद्यालय की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थिति का नामावली में स्पष्ट एवं सही अंकना करें, क्योकि इनके आधार पर ही प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं का अंतिम रूप से चयन होता है।**
12.. नामावली सॉफ्ट कापी (सी0डी0), बालक एवं बालिका की अलग–अलग प्रतियों में हार्ड तथा सॉफ्ट कॉपी में निर्धारित अंतिम तिथि 05 जनवरी, 2026 (सोमवार) तक अनिवार्यतः परिषद् को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
13. सूचना deptexamubse@gmail.com पर मेल के माध्यम से प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों/नामावली पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।
14.. **आवेदन–पत्र परिषद् कार्यालय को कदापि न भेजें इन्हें अपने कार्यालय में ही सुरक्षित रखें।** परिषद् द्वारा अनुक्रमांक आवंटन के बाद नामावली संबन्धित विकास खण्ड के उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके आधार पर उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी स्तर से आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार उप शिक्षा अधिकारी स्तर से प्रवेश पत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थी को परीक्षा से पूर्व ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

आवेदकों की बड़ी संख्या एवं समय सीमित होने के कारण आवेदन पत्रों एवं नामावली में अंकित सूचना की जॉच परिषद् स्तर पर सम्भव नही है। अतः विकास खण्ड स्तर पर सीमित संख्या होने के कारण इसकी गम्भीरतापूर्वक जॉच कर लें। यदि इसमें त्रुटि पायी जाती है तथा इससे चयन प्रक्रिया में कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होगी तो इसके लिए सम्बन्धित विकासखण्ड के उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होंगें।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

परिशिष्ट–'क'

राजीव गांधी नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा–2026

शैक्षिक सत्र–2026–27 हेतु जनपदवार सम्भावित रिक्तियां (कक्षा–8 हेतु)

क0 सं0	जनपद का नाम	बालक								बालिका								योग
		ग्रामीण				शहरी				ग्रामीण				शहरी				
		GEN	OBC	SC	ST	GEN	OBC	SC	ST	GEN	OBC	SC	ST	GEN	OBC	SC	ST	
1	हरिद्वार	0	2	1	1	1	0	1	0	1	0	0	1	0	0	1	0	**9**
2	देहरादून	2	0	0	0	1	0	0	0	1	0	0	0	1	0	0	0	**5**
3	उत्तरकाशी	0	0	0	1	0	0	0	0	1	0	0	1	0	0	0	0	**3**
4	टि0गढ़वाल	7	0	0	1	2	0	0	0	3	2	4	1	0	0	0	0	**20**
5	पौ0गढ़वाल	6	1	4	1	4	0	0	0	8	0	2	1	2	0	1	0	**30**
6	चमोली	1	0	0	0	2	0	0	0	1	0	1	0	1	0	0	0	**6**
7	रूद्रप्रयाग	4	1	0	0	1	0	0	1	0	1	0	0	0	0	1	1	**10**
8	पिथोरागढ़	6	2	4	0	2	1	0	0	5	0	1	0	2	1	0	0	**24**
9	चम्पावत	6	1	0	0	2	1	0	0	1	1	1	0	1	1	0	0	**15**
10	अल्मोड़ा	1	0	0	1	1	1	0	0	2	0	2	1	0	1	0	0	**10**
11	बागेश्वर	2	0	2	0	1	0	0	0	2	0	1	0	0	0	0	0	**8**
12	नैनीताल	5	2	1	0	1	0	0	0	3	1	0	0	0	0	0	0	**13**
13	उ0सिं0न0	3	2	0	1	0	0	1	0	0	1	0	1	1	0	0	0	**10**
योग		43	**11**	12	6	18	3	2	1	28	6	12	6	8	3	3	1	**163**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पार्श्व चयन परीक्षा 2026

सत्र 2026–27 में कक्षा 8 में प्रवेश हेतु

आवेदन पत्र

1 जनपद का नाम (जहॉ विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं) _____ 2. जनपद कोड ☐☐☐

3. विकास खण्ड का नाम (जहॉ विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं) _____ 4. विकास खण्ड का कोड ☐☐

5. अनुक्रमांक– ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

(क्रमांक 2, 4 एवं 5 की सूचना उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरी जायेगी)

6. परीक्षार्थी का नाम (क) हिन्दी में.....

(ख) अंग्रेजी में (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

हस्ताक्षर

(परीक्षार्थी के नाम में दो या दो से अधिक शब्द होने पर दो शब्दों के मध्य एक खाना रिक्त होना चाहिए)

7. दिए गये बॉक्स में से जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें।

(क) लिंग–

बालक	M

बालिका	F

अन्य	0

(ख) वर्ग–

सामान्य	1

अन्य पिछड़ा वर्ग	2

अनु0 जाति	3

अनु0 जनजाति	4

(यदि अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु0.जाति अथवा अनु0. जनजाति का हो तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें)

8. जन्मतिथि– (क) अंकों में D D ☐☐ M M ☐☐ Y Y Y Y ☐☐☐☐ (ख) शब्दों में.....

(आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम 11 वर्ष एवं अधिकतम 14 वर्ष होनी चाहिए अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2015 के मध्य होना चाहिए। दोनों तिथियां भी सम्मिलित है।)

9. पिता का नाम – श्री.....

10. माता का नाम – श्रीमती.....

11. पत्र व्यवहार का पता–..... 12. स्थायी पता – .....

....

....

मोबाइल नं0–..... मोबाइल नं0– .....

13. पहचान चिन्ह– .....(पहचान चिन्ह जो सामने से दिखाई देता है)

14. दिव्यांगता – (जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें).

हॉ	

नहीं	

यदि हॉ है तो–

(क) दिव्यांगता का प्रकार – .....

(ख) दिव्यांगता का प्रतिशत– .....

(दिव्यांग अभ्यर्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।)

15. विद्यालय का नाम जहॉ पर विद्यार्थी कक्षा– 7 में अध्ययनरत है (विकास खण्ड एवं जनपद सहित)

.....

16. वर्तमान विद्यालय का प्रकार (जहॉ कक्षा 7 में अध्ययनरत है) (जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें)–

राजकीय	1

सवित्त मान्यता प्राप्त	2

वित्त विहीन मान्यता प्राप्त	3

17. क्या उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी हैं(जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें)–

हॉ	

नहीं	

18. निम्नलिखित तालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय अभिलेखानुसार स्वयं पूर्ण रूप से भरी जाय। तालिका के क्रमांक 4 में सूचनाऐं 'हॉ' अथवा 'नही' में भरी जानी है।

(अभ्यर्थी वर्तमान सत्र 2025–26 में कक्षा 7 में अवश्य अध्ययनरत हो)

क्रमांक	विवरण	कक्षा–7
1	प्रवेश होने का माह व वर्ष	01 अप्रेल, 2025
2	उत्तीर्ण होने का माह व वर्ष	
3	विद्यालय का नाम	
4	क्या विद्यालय मान्यता प्राप्त है	
5	गॉव अथवा शहर का नाम जहॉ विद्यालय स्थित है	
6	विकासखण्ड/नगर क्षेत्र का नाम	
7	जनपद का नाम	
8	विद्यालय की श्रेणी (ग्रामीण/शहरी)	

19. उपरोक्त तालिका 18 के क्रमांक 8 के आधार पर अभ्यर्थी के विद्यालय की श्रेणी ग्रामीण/शहरी का निर्धारण कर सही खाने के भीतर सही (√) का चिह्न लगायें।

(सत्र 2025–26 में एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का माना जाएगा)

ग्रामीण	R

शहरी	U

घोषणा

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियां सत्य हैं। किसी प्रकार की सूचना असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा/मेरे पाल्य का अभ्यर्थन निरस्त किये जाने पर पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर..... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर .....

दिनांक– दिनांक–

विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा .....वर्तमान में इस विद्यालय में कक्षा 7 में अध्ययनरत है। छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में अंकित सम्पूर्ण प्रविष्टियों की जाँच भली–भाँति कर ली गई है तथा विद्यालय के अभिलेखानुसार इन्हें सत्यापित किया जाता है।

प्रतिहस्ताक्षरित **प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर दिनांक सहित**

नाम–

उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर दिनांक सहित **मुहर–नाम–**

मुहर–

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,रामनगर (नैनीताल)।

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा 2026

सत्र 2026–27 में कक्षा 8 में प्रवेश हेतु

प्रवेश–पत्र

अनुक्रमांक–

जनपद का नाम एवं कोडः.....

विकास खण्ड का नाम एवं कोडः .....

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नामः .....

पिता का नामः श्री .....

माता का नामः श्रीमती.....

जन्मतिथि (अंकों में)...../...../.....(शब्दों में).....

लिंगः..... वर्ग(Gen/OBC/SC/ST).....

विद्यालय का क्षेत्र.....(ग्रामीण/शहरी)

दिव्यांगता यदि कोई हो – .....(हां/नहीं)

विद्यालय का नाम जनपद सहित.....

(जहॉ पर विद्यार्थी वर्तमान में कक्षा 7 में अध्ययनरत है)

(खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

आवंटित परीक्षा केन्द्र का नाम .....

(जहाँ से अभ्यर्थी को रा0गॉ0न0वि0 की कक्षा 8 की प्रवेश परीक्षा 2026–27 में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है।)

परीक्षा की तिथि – 15 मार्च, 2026, रविवार

समय – **प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक।**

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ..... कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर .....

(परीक्षाकाल में) दिनांक–

उप/खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर

दिनांक–

मुहर–